# ब्रह्माकुमारी बहनों को धमका रहा शब्बीर सनातनी प्रवचन हॉल पर कब्जे की साजिश

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**



सनातन धर्म से जुड़े लोगों को परेशान करने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। मंगलवार को सिलिकॉन सिटी स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर की बहनें कलेक्टर की जनसुनवाई में एक व्यक्ति शब्बीर की शिकायत लेकर पहुंचीं। उनका आरोप है कि उनके प्रवचन हॉल के पास स्थित शब्बीर की बिल्डिंग से उसे वहां होने वाले सनातनी कार्यों से परेशानी हो रही है। प्रवचन हॉल के लिए अस्थायी टीन शेड बनाया गया है, जो ब्रह्माकुमारी सेंटर के निकट स्थित है। यहां नियमित रूप से आने वाले सनातन धर्म के अनुयायियों को शब्बीर लगातार परेशान कर रहा है। बहनों का कहना है कि शब्बीर उन्हें बार-बार धमकी देता है कि वे वहां से अपने धार्मिक कार्य बंद कर इस जगह को छोड़ दें, अन्यथा वह उन्हें शांति से नहीं रहने देगा।

## धार्मिक स्थल के बाहर गंदगी और धमकियों का आतंक

शिकायत करने वाली बहनों ने बताया कि शब्बीर द्वारा लगातार अभद्र व्यवहार किया जा रहा है और वह प्रवचन हॉल के बाहर अशांति फैलाने के प्रयास में लगा हुआ है। आरोप है कि शब्बीर द्वारा प्रवचन हॉल के बाहर जानबूझकर अंडे के छिलके, चिकन-मटन की हड्डियां और शराब की खाली बोतलें फेंकी जाती हैं ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं को मानसिक रूप से परेशान किया जा सके। इसके अलावा, जब भी कोई उसे समझाने का प्रयास करता है, तो वह मानने को तैयार नहीं होता।

## शब्बीर की अवैध बिल्डिंग और कब्जे की साजिश

ब्रह्माकुमारी बहनों ने प्रशासन को बताया कि शब्बीर ने उस स्थान पर अवैध रूप से बिल्डिंग बनाई है। उन्होंने इस अवैध निर्माण की शिकायत भी पहले की थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। बहनों को आशंका है कि शब्बीर उनके प्रवचन हॉल पर भी कब्जा करने और वहां कोई निर्माण करने की साजिश रच रहा है। इस मामले को लेकर जब प्रशासन से संपर्क किया गया तो अपर कलेक्टर राजेंद्र रघुवंशी ने जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि शब्बीर की बिल्डिंग अवैध पाई जाती है, तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## पत्नी टीना का भी शब्बीर को समर्थन

शब्बीर की निजी जिंदगी को लेकर भी कई बातें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि वर्षों पहले उसने टीना नाम की एक हिंदू युवती को बहला-फुसलाकर शादी कर ली थी। बहनों का आरोप है कि जब भी शब्बीर किसी विवाद में फंसता है, तो वह खुद को बचाने के लिए अपनी पत्नी टीना को आगे कर देता है। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि टीना भी सनातनी गतिविधियों के विरोध में अपने पति का समर्थन कर रही है। इस पूरे मामले में प्रशासन ने उचित जांच और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, जिससे वहां आने वाले लोगों को राहत मिल सके।

### अधिकारियों पर इतिहास को विकृत करने का आरोप

# पृथ्वीराज चौहान गुर्जर थे, राजपूत नहीं

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर**

गुर्जर समाज ने आईडीए पर पृथ्वीराज चौहान के इतिहास को विकृत करने का आरोप लगाया है। आईडीए द्वारा लगाई जा रही प्रतिमा पर सही नाम लिखने के लिए समाज के लोगों ने ज्ञापन दिया। समाज के लोगों का कहना है कि पृथ्वीराज चौहान गुर्जर थे, न कि राजपूत, इसलिए प्रतिमा स्थल पर वीर गुर्जर क्षत्रिय समाज के महापुरुष गुर्जर सम्राट पृथ्वीराज चौहान लिखा जाए। समाज के लोगों ने एडवोकेट मुकेश भड़ाना गुर्जर, एडवोकेट मनवीर चौहान गुर्जर, इंदौर महानगर गुर्जर परिषद अध्यक्ष केप्टन प्रेमसिंह गुर्जर, सुबेदारसिंह गुर्जर, मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कमिश्नर, कलेक्टर, आईडीए सीईओ और निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

### अनदेखी की तो समाज में रोष फैल जाएगा

समाज के लोगों ने अधिकारियों को बताया गया कि उनके शिलालेख में उन्हें गुर्जर सम्राट पृथ्वीराज चौहान ही लिखा जाए, ताकि ऐतिहासिक तथ्यों की अनदेखी न हो और समाज के लोगों में रोष न फैले। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि समाज द्वारा गुर्जर आरक्षण आंदोलन के संघर्ष में वीर गुर्जर क्षत्रिय अपने अधिकारों के लिए किस तरह 72 गुर्जर शहीद होने के बाद भी डटे रहे और अपना हक लेकर ही हटे।

## निरंजनपुर चौराहे पर लग रही है प्रतिमा

समाज के द्वारा दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि आईडीए द्वारा निरंजनपुर चौराहा पर समाज के महापुरुष पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगाई जा रही है, उसमें समाज के इतिहास को विकृत करने की कोशिश की जा रही है। गुर्जर सम्राट पृथ्वीराज के समकालीन कवियों चंद वरदाई और जयानक द्वारा रचित पृथ्वीराज रासो और पृथ्वीराज विजय महाकाव्यम के ऐतिहासिक तथ्यों, दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में कहा गया है कि वीर गुर्जर क्षत्रिय समाज के महापुरुष के ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ न की जाए। ज्ञापन में ये भी कहा गया है कि यशराज फिल्म्स ने जो पृथ्वीराज फिल्म बनाई थी उसमें उन्हें राजपूत दिखाया गया था, जिस मामले में समाज ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी और राजपूत शब्द पर आपत्ति ली थी बाद में फिल्म में राजपूत शब्द का उपयोग न करने का आदेश कोर्ट ने दिया था, लेकिन इंदौर में आईडीए निरंजनपुर चौराहा पर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जो प्रतिमा लगा रहा है, उसमें राजपूत शब्द का उपयोग किया जा रहा है जो न केवल कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है, बल्कि समाज की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ है। ज्ञापन में मांग की गई कि शीघ्रातिशीघ्र प्रतिमा के शिलालेख में गुर्जर समाज का उल्लेख किया जाए ।

# देशी बम आटे में खिलाकर किया मादा सांभर का शिकार

**पीपुल्स प्रवक्ता, दमोह।**

दमोह जिले के मड़ियादो बफर क्षेत्र में शिकारियों द्वारा क्रूरता से मादा सांभर का शिकार करने का मामला सामने आया है। शिकारियों ने देसी बम को आटे में लपेटकर रखा था, जिसे सांभर ने खाया तो वह ब्लास्ट हो गया और सांभर की मौत हो गई। यह घटना मंगलवार शाम की है, जिसकी गुरुवार सुबह वन अमले को जानकारी लगी। अब वन भाग की टीम ने शिकारियों की तलाश शुरू कर दी है। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने का भी प्रयास किया गया।

इस दौरान अधीक्षक देवेंद्र अहिरवार, बफर क्षेत्र मड़ियादो परिक्षेत्र अधिकारी राम प्रसाद प्रजापति, बफर किशनगढ़ परिक्षेत्र अधिकारी प्रतीक अग्रवाल सहित डॉग स्क्वाड प्रभारी प्रीतम अहिरवार और वन विभाग का अमला मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार, शिकारियों द्वारा मड़ियादो बफर क्षेत्र की वर्धा बीट अंतर्गत आरएफ 65 में पानी के एक स्थान पर गेहूं के आटे में लपेटकर देसी बम रखा गया था। इसे खाने के बाद बम फट गया और सांभर का मुंह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मुंह के अंदर ब्लास्ट होने से मादा सांभर की दर्दनाक मौत हो गई। कयास लगाया जा रहा है कि विस्फोट के कारण उसके मुंह के मांस के चीथड़े उड़ गए और जलन होने लगी। असहनीय दर्द के कारण वह पानी के स्रोत तक पहुंची।

### नेता प्रतिपक्ष चौकसे बोले-

## भाजपा नेताओं के दबाव में महिला को दी तीन घंटे में अनुंकपा नियुक्ति

**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

इंदौर में जनसुनवाई में पहुंची एक महिला को तीन घंटे में अनुकंपा नियुक्ति देने का मामला चर्चा में है। निगमायुक्त ने इस काम में देरी होने पर एक निगमकर्मी को निलंबित तक कर दिया। अब इस नियुक्ति पर सवाल उठने लगे है। नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने आरोप लगाया कि निगमायुक्त शिवम वर्मा ने भाजपा नेताओं के दबाव में अनुकंपा नियुक्ति दी है, जबकि नियमानुसार वह ठीक नहीं है। चौकसे ने कहा कि सफाई मित्र पंकज पिता कमल की मौत हो जाने पर कविता को अनुकंपा नियुक्ती तीन घंटे में कर दी गई। यह नियुक्ति पत्र नियम के विपरीत जाकर जारी किया गया है। इस नियुक्ति पत्र को यदि रद्द नहीं किया गया तो कांग्रेस इस मामले को लेकर लोकायुक्त में जाएगी। चौकसे ने कहा कि निगम के सफाई मित्र पंकज पिता कमल की मृत्यु हो जाने के कारण कविता नामक महिला के द्वारा नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस आवेदन पर नियुक्ति का आदेश जारी नहीं करने के कारण निगम आयुक्त के द्वारा मंगलवार को निगम की स्वास्थ्य यूनिट के प्रभारी राजेश करोसिया को निलंबित कर दिया गया। इसके बाद निगम आयुक्त के आदेश पर तीन घंटे में महिला की अनुकंपा नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। चौकसे ने कहा कि भाजपा नेताओं के दबाव में आकर नियम के विपरीत यह नियुक्ति का आदेश जारी किया गया है।निगम के मृत कर्मचारी पंकज के द्वारा अपने जीवन काल में जो वारिस नाम बनाया गया।

# पंचकोशी यात्रा 23 अप्रैल से पड़ाव स्थलों की व्यवस्था देखने बुलेट से निकले कलेक्टर-एसपी

## बाइक से निरीक्षण ताकि कोई कमी न छूटे

**पीपुल्स प्रवक्ता, उज्जैन**



कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल से पंचकोशी यात्रा की शुरुआत होने वाली है, जिसे लेकर सभी अधिकारी पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के भ्रमण पर निकले हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव व्यवस्था की जा रही है। धार्मिक नगरी उज्जैन में 118 किलोमीटर की पंचकोशी यात्रा आगामी 23 अप्रैल से शुरू होने वाली है। आस्था की इस यात्रा में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों का दल यात्रा के पड़ाव स्थलों का निरीक्षण करने पहुंचा।

यात्रा की व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहे, इसलिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बुलेट पर सवार होकर यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान वे त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल से पंचकोशी यात्रा की शुरुआत होने वाली है, जिसे लेकर सभी अधिकारी पंचक्रोशी यात्रा मार्ग के भ्रमण पर निकले हैं। यह यात्रा आस्था की यात्रा है, जो पांच दिनों तक चलती है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि उन्होंने त्रिवेणी शनि मंदिर पर यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया है। साथ ही अधिकारियों के साथ मिलकर अन्य पड़ाव स्थलों का भी जायजा लिया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि 118 किलोमीटर की यह यात्रा गर्मी के मौसम में काफी कठिन होती है, क्योंकि श्रद्धालु इसे पैदल पूरा करते हैं। इस दौरान कई पड़ाव स्थल आते हैं, जहां पुलिस की मुस्तैदी के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखना होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम यात्रा के सभी पड़ावों का निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर इंतजाम किए जा सकें। उज्जैन कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासन यह सुनिश्चित करना चाहता है कि यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कारण बुलेट पर बैठकर यात्रा मार्ग का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। बाइक से निरीक्षण करने पर यात्रियों को आने वाली छोटी-छोटी समस्याओं की जानकारी बेहतर तरीके से मिलती है। अधिकारियों को सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए।

## यात्रा के लिए पहले ही सौंपे जा चुके हैं प्रभार

बता दें कि कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने दो दिन पहले ही अधिकारियों को यात्रा मार्ग की व्यवस्थाओं को लेकर निर्देशित कर दिया था। लोक निर्माण विभाग को यात्रा के पड़ाव और उप-पड़ाव स्थलों के समतलीकरण का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## यह निर्देश दिए गए...

- ❑ रास्ते में आने वाली झाड़ियों को हटाया जाएगा।
- ❑ यात्रा मार्ग में आने वाले मंदिरों के पास बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी।
- ❑ पिंग्लेश्वर रेलवे पुलिया के नीचे मुरम डालकर रोलिंग कराई जाएगी।
- ❑ जैथल से उंडासा मार्ग पर आगर रोड पर डिवाइडर बनाकर श्रद्धालुओं के लिए पृथक मार्ग की व्यवस्था की जाएगी।
- ❑ मक्सी रोड क्रॉसिंग पर दुर्घटना न हो, इसके लिए पुलिया पर रेलिंग लगवाई जाएगी।
- ❑ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी।
- ❑ कालियादेह उप-पड़ाव स्थल पर 52 कुंडों में पानी के स्तर को ठीक कराया जाएगा।
- ❑ मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रत्येक पड़ाव स्थल पर बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी।
- ❑ उज्जैन दुग्ध संघ द्वारा प्रत्येक पड़ाव/उप-पड़ाव स्थल पर सांची आउटलेट लगाए जाएंगे, जहां पर्याप्त मात्रा में दूध एवं दूध से निर्मित सामग्री उपलब्ध होगी।
- ❑ प्रत्येक पड़ाव पर दो-दो ठंडे पेयजल टैंकर की व्यवस्था की जाएगी।
- ❑ नगर पालिक निगम नागचंद्रेश्वर मंदिर पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था करेगा। हर पड़ाव पर दो फायर ब्रिगेड वाहन तैनात रहेंगे।
- ❑ यात्रा के दौरान पड़ाव स्थलों पर मच्छररोधी फॉगिंग की जाएगी।

## पुलिस ने पिकअप से नागपुर ले जाए जा रहे सात मवेशियों को छुड़ाया

### चार तस्करों को किया गिरफ्तार

**पीपुल्स प्रवक्ता, सिवनी**

सिवनी जिले में मवेशी तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से सात मवेशियों को छुड़ाया और चार तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई बंडोल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित अलोनिया टोल टैक्स के पास की। सूचना पर अलोनिया टोल टैक्स के पास पहुंची पुलिस ने एक पिकअप वाहन को रोका, जिसमें छह नाटा (बैल) और एक बछड़ा क्रूरतापूर्वक बंधे हुए पाए गए। उनके सींग, मुंह, गला और पैर रस्सियों से कसकर बांधे गए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि इन मवेशियों को नागपुर स्थित कत्लखाने ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन में सवार चार तस्करों को मौके से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान विनोद टेंभरे (37)वाहन चालक, आकाश भंवर (24), राजेश बरकड़े (26) और आकाश मड़ावी (22) के रूप में हुई है। सभी आरोपी बरघाट थाना क्षेत्र के ग्राम मऊ के निवासी बताए जा रहे हैं।

**मवेशी और वाहन जब्त, केस दर्ज:** पुलिस ने मवेशियों और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। जब्त किए गए वाहन और मवेशियों की अनुमानित कीमत 8.25 लाख रुपये बताई जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी अर्पित भैरम ने किया। उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक अशोक सेन और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे।

# ननि का 8 हजार करोड़ का बजट पेश, सिंहस्थ को लेकर सड़कों पर फोकस



**पीपुल्स प्रवक्ता, इंदौर।**

इंदौर नगर निगम का बजट कार्यक्रम शुरू हो चुका है। गुरुवार सुबह अटल बिहारी वाजपेयी परिषद सभागृह अटल सदन में बजट कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस साल नए टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया है और पुराने टैक्स में भी वृद्धि नहीं की गई है। 8 हजार 174 करोड़ का बजट है जिसमें कई विकास योजनाएं हैं। बजट सत्र शुरू होते ही कांग्रेस और भाजपा पार्षदों के बीच बजट पर हंगामा हुआ, खासतौर पर फर्जी बिल घोटाले को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने आरोप लगाए। इस बार नगर निगम क्षेत्र में 29 गांवों में सीवरेज और ड्रेनेज लाइन का काम भी किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिए 300 करोड़ रुपये की राशि जारी की है।

# भांग से श्रृंगार फिर भस्म रमाकर बाबा महाकाल ने दिए भक्तों को दर्शन, श्रद्धालु ने दान किए 1 लाख रू.

**पीपुल्स प्रवक्ता, उज्जैन।**

उज्जैन विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर गुरुवार तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुले। पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक किया। अभिषेक में दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत का प्रयोग कर पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को चांदी का मुकुट, रुद्राक्ष और पुष्पों की माला धारण करवाई गई।

श्रृंगार की विशेष बात यह रही कि षष्ठी की भस्म आरती और गुरुवार के संयोग पर बाबा महाकाल का भांग से विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा के मस्तक को त्रिपुंड से श्रृंगारित करते हुए फूलों की माला भी धारण करवाई गई। श्रृंगार के बाद बाबा महाकाल को महानिर्वाणी अखाड़े के द्वारा भस्म रमाई गई, फिर कपूर आरती कर भोग अर्पित किया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने जय श्री महाकाल का उद्घोष भी किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया।

## एक लाख रुपये दान किए

श्री महाकालेश्वर मंदिर में नई दिल्ली से पधारे ललित कुमार ने श्री महाकालेश्वर भगवान को 1 लाख रुपये नगद भेंट किए। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दानदाता को विधिवत रसीद प्रदान कर मंदिर के वीरेंद्र शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

# उपार्जन केंद्रों पर गड़बड़ी, दो वेयर हाउस और दो प्रबंधकों को नोटिस

**पीपुल्स प्रवक्ता, सीहोर**

सीहोर जिले में 15 मार्च से 5 मई तक गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिले में उपार्जन केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा श्यामपुर के छतरपुरा स्थित रामानुज वेयरहाउस की संचालक भावना गौर पत्नी सुरेंद्र गौर और श्यामपुर के चरनाल स्थित बद्रीनाथ वेयरहाउस की गोदाम संचालक सीया बाई पत्नी नर्मदा प्रसाद को केंद्र में अनियमितताएं पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



### गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्रों का ताला सुबह 7 बजे खोलने के निर्देश

उपार्जन के लिए जिले में उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उपार्जन नीति के अनुसार उपार्जन केंद्र सुबह 8 बजे न खुलने की शिकायतें प्राप्त होने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी एमपीडब्ल्यूएलसी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि इन शिकायतों का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक जानकारी जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी निर्धारित गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्रों का ताला सुबह 7 बजे खुलवाया जाए। इसके साथ ही गोदामों पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

दरअसल, कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश पर कृषि कल्याण विभाग के उप संचालक केके पांडेय ने इन उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया था। इस दौरान पाया गया कि आगामी दिवसों में जिन किसानों के स्लॉट बुक हैं, उन किसानों से निर्धारित दिवस से पहले ही खरीदी कर गेहूं को गोदाम में भंडारित करा लिया गया है, जो उपार्जन नीति का उल्लंघन है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित वेयरहाउस संचालकों को इस संबंध में उपस्थित होकर अपना लिखित स्पष्टीकरण 2 दिन के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आगामी आदेश तक इन वेयरहाउस की स्लॉट बुकिंग क्षमता शून्य कर दी गई है।

## शाखा प्रबंधक को भी नोटिस

श्यामपुर के उपार्जन केंद्रों में अनियमितताएं पाए जाने, भौतिक सत्यापन के लिए चाही गई जानकारी प्रस्तुत न करने, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने एवं उपार्जन कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर बालागुरू के. ने श्यामपुर एमपीडब्ल्यूएलसी के शाखा प्रबंधक प्रेमनारायण केसरिया को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया है। केसरिया को 2 दिनों में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनके विरुद्ध सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बद्रीनाथ वेयरहाउस एवं रामानुज वेयरहाउस उपार्जन केंद्रों पर छन्ना, बड़े पंखे, ग्रेडिंग मशीन उपलब्ध नहीं होने, निर्धारित दिवस से पहले गेहूं की खरीदी करने और गेहूं उपार्जन नीति का उल्लंघन करने पर सेवा सहकारी समिति चरनाल श्यामपुर के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही दो दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिन किसानों के बिल बनना शेष हैं, उन किसानों के बिल समय-सीमा में बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अज्ञात वाहन ने तेंदूए को रौंदा, मौके पर ही मौत

**पीपुल्स प्रवक्ता, सीहोर।** जल संकट की आहट अब शहरी क्षेत्र के अलावा जंगल क्षेत्र में भी आने लगी है। जल संकट के चलते जंगली जानवर शहरी क्षेत्र में पानी की तलाश में आने लगे हैं। बुधवार को एक तेंदुआ बुधनी के पास शहरी क्षेत्र में आ गया। जिसे अज्ञात वाहन से टक्कर दी। इसके चलते उसकी मौत हो गई। तेंदुए की मौत की जानकारी राहगीरों ने वन विभाग को दी। सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में एक तेंदुए की सड़क हादसे में मौत हो गई। राहगीरों ने तेंदुए को सड़क पर मृत अवस्था में देखा। प्रारंभिक जांच में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत होने की बात सामने आई है। भोपाल-जबलपुर हाइवे पर शाहगंज जोड़ के पास ओवरब्रिज के पास का मामला बताया जा रहा है। मृतक तेंदुए की उम्र 1 साल बताई जा रही है।